आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने चाथम–पुल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर आदेश जारी किया है।
- जी बी पन्त अस्पताल में कल भूकंप और आग पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष का विषय – वर्ष 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य है।। परिषद की बैठक में वर्ष 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा होगी।

10वीं शासी परिषद की बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे।

10वीं शासी परिषद की बैठक देश की विकास चुनौतियों पर विचार–विमर्श करने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में राज्यों की भूमिका पर आम सहमति बनाने के लिए एक अनूठा मंच है। बैठक में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को इन पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से बचाना है।

महीनेभर चलने वाला यह अभियान 31 तारीख को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुरू होगा और अगले महीने की 26 तारीख तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों के एक सौ गज के दायरे में, और नाबालिगों को तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के नियमों को लागू किया जाएगा।

मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया– एस.ओ.पी. विकसित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने छात्रों और आम लोगों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करने के लिए MyGov प्लेटफॉर्म पर एक प्रश्नोत्तरी भी शुरू की। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों और कॉलेजों में सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाना है, जिससे देश के युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से बचाया जा सके।

<><><><><><><>

भारत सरकार के माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय वं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी एल वर्मा आज द्वीपसमूह के पांच दिवसीय दौरे पर आ रहे है। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, माननीय मंत्री द्वीपों के ऐतिहासिक एवं पर्यटनीय महत्व वाले स्थानों का दौरान करेंगे। 28 मई को मंत्री का सी आर सी श्री विजयपुरम में पी एम दिव्याशा केन्द्र के उद्घाटन में भाग लेने का कार्यक्रम है। दौरा पूरा होने पर माननीय मंत्री को उनतीस मई को मुख्यभूमि के लिए प्रस्थान करेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में झींगा और मिट्टी केकडा पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कल समापन हो गया। मत्स्य पालन विभाग और केन्द्रीय खारा जल कृषि संस्थान चेन्नई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग पच्चीस मछुआरों, किसानों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी मत्स्य पालन निदेशक रविन्दर कुमार मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने टिकाउ जलीय कृषि को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

मुख्य रूप से झींगा और मिट्टी केकडा और मछली पालन आदि व्यवसायिक तौर पर उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने द्वीपसमूह में जलीय कृषि विकास को बढावा देने के लिए छोटे पैमान की पायलेट परियोजनाओं को शुरू करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। समापन समारोह में मत्स्य निदेशक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग कल स्वराज द्वीप के श्याम नगर पंचायत हॉल में सुबह नौ बजे से आम लोगों को दी जाने वाली सेवाओं के प्रति जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग की ओर से नागरिकों को स़डक सुऱक्षा पर जानकारी दी जाएंगी। इससे स्वराज द्वीप के स्थानीय निवासी लाभान्वित होंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने चाथम—पुल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर आदेश जारी किया है। ये अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके तहत अब भारी वाहन केवल बीस मिट्रिक टन तक के भार के साथ ही इस पुल से गुजर सकेंगे। साथ ही वाहनों की गति सीमा तीस किलोमीटर प्रतिघंटे होनी चाहिए। इस अधिसूचना में कहा गया है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियां और पुलिस विभाग ये सुनिश्चित करें कि इसका कड़ाई से पालन हो।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार तिमासिक मॉक ड्रिल का अनुपालन करते हुए कल जी.बी. पंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में एक व्यापक भूकंप और आग पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ की तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण करना था। यह ड्रिल सुबह ग्यारह बजे एक नकली भूकंप और उसके बाद आग लगने की स्थिति के साथ शुरू हुई। सभी स्टाफ और मरीजों ने इमारत को खाली करने से पहले भूकंप सुरक्षा के लिए "डक, कवर और होल्ड" प्रोटोकॉल का पालन किया। जी.बी. पंत अस्पताल की अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अर्पिता साहा ने घटना कमांडर की भूमिका निभाई।

इसी तरह, शवगृह अनुभाग के पास नकली आग लग गई। वार्ड की अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन उपाय शुरू किए। ड्रिल का समापन दोपहर बारह बजे इंसीडेंट कमांडर द्वारा "ऑल क्लियर" सिग्नल जारी करने के साथ हुआ।

<><><><><><><>

वन एवं पर्यावरण विभाग ने इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के सहयोग से परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय पर आयोजित हुआ। वृक्षारोपण अभियान में आई एफ एस, के. जी. रूसोगी, रेंज अधिकारी ललिता सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुनील जैकब ने सभी के प्रति आभार व्यक्त की।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम और जे एन आर एम फुटबॉल मैदान पर अंडर–17 लड़कों के लिए सातवीं राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टुर्नामेंट के दूसरे दिन के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कल खेले गए मैच में विम्बर्लीगंज ने मायाबंदर ज़ोन पर एक शन्य की जीत हासिल की। कार–निकोबार ने रंगत की टीम को 6–0 से पराजित किया। इस बीच लिटिल अण्डमान और नानकौड़ी के बीच ड्रॉ में खेल समाप्त हुआ। अंतिम मैच में कैम्पबेल–बे और श्री विजयपुरम की टीमों ने एक–एक से ड्रॉ खेला।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री द्वीपों का दौरा करेंगे– द्वीप समाचार की पहली खबर है। द डेली टेलीग्राम्स ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपोजिट सुविधा उपलब्ध कराने के समाचार को अपनी पहली हेड लाइन बनाया है। इंफो इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने हरिनगर पंचायत भवन में पी एम किसान सैचुरेशन कैम्प आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने समाज कल्याण विभाग द्वारा वेबिनार का आयोजन करने के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**